एक नजर में

## शर्मा व श्रीवास्तव सम्मानित



**इंदौर.** वीमन इम्पॉवरमेंट को लेकर किए गए नवाचार को सराहा गया. गणतंत्र दिवस पर नेहरू स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में लेखक व फिल्म प्रोड्यूसर रोहन शर्मा और वरिष्ठ पत्रकार, लेखक डॉ. विवेकवर्धन श्रीवास्तव को मुख्य अतिथि मप्र शासन में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के हाथों सम्मानित किया गया. शर्मा और श्रीवास्तव ने अपने सोशल मिडिया पोर्टल रविवार विचार के विभिन्न माध्यम से महिला सशक्तिकरण को मिशन बना कर केवल दो वर्षों में ही 1500 से ज्यादा गुमनाम महिलाओं के संघर्ष और उनकी सफलता की कहानियों को जगह दी .ये कहानियां प्रेरक बनी. इस नवाचार को देशभर में सराहना मिली. इस मौके पर कलेक्टर शिवम वर्मा एवं पुलिस आयुक्त संतोष सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे. संस्था के संस्थापक डॉ.सुभाष खंडेलवाल का कहना है कि समाज की वास्तविकता और सकारात्मक माहौल से लोगों को अवगत करवाना हमारा मकसद है.

## रोटरी अन्तरराष्ट्रीय काव्य मंच की मासिक गोष्ठी



**इंदौर.** रोटरी अंतरराष्ट्रीय काव्य मंच की 178 वीं काव्य गोष्ठी महादेवी पुस्तकालय में डॉक्टर बनवारी लाल जाजोदिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई. सरस्वती वंदना राजेश रामनगीना ने की. तत्पश्चात का कविता पाठ शुरू हुआ। मीना अग्रवाल ने बसंत पर कविता सुनाई. सुनील वर्मा मुसाफिर, विश्वास द्विवेदी, रशीद अहमद शेख, जवाहरलाल गर्ग, राजेश रामनगीना, कमल कुमार केसलीवाल, नरोत्तम कुमार माहेश्वरी, शोभरानी तिवारी, डॉक्टर बनवारी लाल जाजोदिया ने अपनी रचनाएं सुनाई. संचालन शोभा रानी तिवारी ने किया. राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ.

## सत्तन जन्मोत्सव पर कवि सम्मेलन 6 फरवरी को

**इंदौर.** राष्ट्रीय कलमकार मंच के तत्वावधान में राष्ट्र कवि सत्यनारायण सत्तन का जन्मोत्सव एवं अ.भा. कवि सम्मेलन 6 फरवरी को शाम सात बजे से जाल सभागार में आयोजित किया गया है. उक्त जानकारी मंच के अध्यक्ष डॉ.पंकज विरमाल, संयोजक अक्षय अजय यादव ने देते हुए बताया कि सत्तन जी के 87वें वर्ष प्रवेश करने के उपलक्ष्य में देश के कविगण राकेश शर्मा बदनावर, विभा सिंह बनारस, डॉ.शुभम त्यागी मेरठ, अतुल ज्वाला राऊ, अकबर ताज खंडवा, काव्य पाठ करेंगे. संचालन सत्येन वर्मा सत्येन करेंगे. समारोह के मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल, विधायक रमेश मेंदोला, विधायक गोलू शुक्ला होंगे. इस वर्ष का सत्तन पुरस्कार हास्य कवि राकेश शर्मा को प्रदान किया जायेगा.

## विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुति दी



**इंदौर.** न्यू अरिहंत एकेडमी हा. से. स्कूल इन्दौर स्कीम न.78 का 23वाँ वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस समारोह में कई गतिविधियां, जैसे खेल प्रतियोगिता, शैक्षणिक गतिविधियाँ, नृत्य, संगीत का आयोजन किया गया. विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया. प्रधानाचार्य प्रतीक मेहता ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की. संचालक रमेश मेहता द्वारा छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया. उपपाचार्या आशा सेंगर तथा इन्चार्ज प्रीति निगम द्वारा आभार व्यक्त किया गया.

## वार्षिकोत्सव में दी रामायण की प्रस्तुति



**इंदौर.** पोदार इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिकोत्सव उत्साह के वातावरण में संपन्न हुआ. उत्सव की थीम फ्रेण्डशिप कोड थी. पोदार उत्सव दो दिन के चार ईवेंट के माध्यम से संपन्न हुआ, इसमें रामायण की विशेष प्रस्तुति को सभी ने मुक्त कंठ से सराहा. इसके साथ-साथ फ्रेण्डशिप कोड के अंतर्गत विशेष गीत-संगीत प्रस्तुति ने सभी उपस्थितों को मंत्र मुग्ध कर दिया. विशेष अतिथि के रूप में स्वाति काशिद, मेजर डॉ सम्हिता भूषण, एसकेएस. बैस, महेन्द्र तायडे, राजेश्वर शर्मा उपस्थित थे. प्राचार्य सुधीर महाजन ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संस्कारवान, सृजनशील, कर्तव्य दक्ष, सकारात्मक, विशेषज्ञ तथा नम्र एवं सुजान नागरिक बनाने पर विद्यालय की संकल्पबद्धता से सभी को अवगत कराया. सीनियर कोडिनेटर रीतू यादव ने शाला-प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. विभिन्न सत्रों का संचालन डॉ. वैशाली द्विवेदी ने किया. आभार प्रदर्शन दर्शना पुरोहित व पूनम शर्मा ने किया. कार्यक्रम में इंटरनेशनल ब्रेनोलॉजिस्ट अखिलेश बैतूले, डायरेक्टर ट्रेनी-ओ-ब्रेन, द्वारा मिड ब्रेन एक्टिवेशन विधा की पोदार के छात्रों के सहायता से विशेष प्रस्तुति दी. इस वार्षिकोत्सव में पोदार स्टाफ द्वारा बंधुत्व व मित्रता का संदेश देते हुए विशेष नृत्य प्रस्तुति दी.

## राष्ट्रीय टूर्नामेंट में मां और बेटियों ने जीते पदक



**इंदौर.** जहाँ अधिकांश लोग बड़ी सर्जरी के बाद सामान्य जीवन की ओर लौटने में वर्षों लगा देते हैं, वहीं आचार्य वेदिका श्रीवास्तव ने साहस, सेवा और संकल्प की ऐसी मिसाल पेश की है, जो आज पूरे देश के लिए प्रेरणा बन रही है. योतिष एवं वैदिक लाइफस्टाइल कोच वेदिका श्रीवास्तव ने हाल ही में जम्मू में आयोजित 7वीं नेशनल वियतनामी मार्शल आर्ट 'क्वान की डो' चैंपियनशिप में अपनी दोनों बेटियों के साथ भाग लेकर न केवल पदक जीते, बल्कि यह सिद्ध कर दिया कि अंगदान जीवन की सीमा नहीं, बल्कि नई शुरुआत है. वेदिका श्रीवास्तव ने तलवारबाजी (स्वॉर्ड) स्पर्धा में स्वर्ण पदक, उनकी 6 वर्षीय बेटी मणि श्रीवास्तव ने फाइट कैटेगरी में रजत पदक, जबकि 14 वर्षीय बेटी वेदांशी श्रीवास्तव ने भी फाइट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर परिवार और शहर का नाम रोशन किया. एक ही राष्ट्रीय टूर्नामेंट में मां और दोनों बेटियों का पदक विजेता बनना खेल जगत में एक दुर्लभ और अत्यंत प्रेरणादायक उपलब्धि मानी जा रही है. उल्लेखनीय है कि वेदिका ने अपनी मां का जीवन बचाने के लिए अपने लीवर का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा दान किया. डॉक्टरों के अनुसार, इतनी बड़ी सर्जरी के बाद सामान्य शारीरिक गतिविधि तक लौटना चुनौतीपूर्ण होता है, लेकिन वेदिका ने कुछ ही महीनों में स्वयं को फिर से खेल के मैदान के लिए तैयार किया और राष्ट्रीय मंच पर स्वर्ण पदक जीतकर वापसी की।

# फर्जी एडवाइजरी कंपनी का खुलासा, 6 आरोपी गिरफ्त में

- कम लागत में ज्यादा मुनाफे का देते थे लालच
- मामले के तीन मुख्य आरोपी फरार, तलाश जारी



**इंदौर.** ऑनलाइन फ्रॉड के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विजयनगर पुलिस ने ग्रेविटी मॉल में संचालित एक फर्जी एडवाइजरी कंपनी पर छापा मारकर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. कंपनी के 3 मुख्य आरोपी फरार बताए जा रहे हैं. पूछताछ में कई अन्य नाम भी सामने आए हैं, जिनकी तलाश जारी है.

थाना प्रभारी चन्द्रकांत पटेल ने बताया कि फर्जी एडवाइजरी कंपनी के मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में गठित टीम ने ग्रेविटी मॉल के थर्ड फ्लोर पर संचालित इनविजन इन्फोटेक नामक कंपनी के कार्यालय पर सर्च वारंट के तहत दबिश दी. मौके पर कंपनी में काम कर रहे 6 लोग मिले, जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की. पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे एल्गो सॉफ्टवेयर के जरिए लोगों को शेयर व अन्य निवेश में ज्यादा मुनाफे का झांसा देते थे. अलग अलग बैंक खातों में निवेश के नाम पर रकम डलवाकर लोगों से धोखाधड़ी की जाती थी. अब तक की पुलिस जांच में यह सामने आया है कि ठगी की रकम कई खातों में ट्रांसफर की जाती थी.

### ये हैं गिरफ्तार किए गए आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में कपिल उपाध्याय, विक्की जैन, शंकर दयाल पटेल, सुलतान यादव, सुरेन्द्र बैण्डवाल और हरनीत सिंह शामिल हैं. वहीं, सचिदानंद चतुर्वेदी, अतुल भार्गव और अमित माणिक को मामले में मुख्य आरोपी बताया है, जो फिलहाल फरार हैं. पुलिस ने इस मामले में विजयनगर थाने में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है. जांच के दौरान यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी कपिल उपाध्याय के खिलाफ पूर्व में भी थाना एमआईजी में फर्जी एडवाइजरी कंपनी से संबंधित अपराध दर्ज है.

# जालसाजी से लिया 93 लाख का लोन, दो शातिर जालसाजों को दबोचा

- इकूटरचित दस्तावेज बनाकर बैंक को लगाया था चूना

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. लसुडिया थाना क्षेत्र के चिकित्सक नगर में एक भूखण्ड के फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे अपने नाम पर रजिस्टर्ड दिखाते हुए करीब 93 लाख रुपये का लोन लेकर बैंक से धोखाधड़ी करने वाले दो शातिर जालसाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर प्लॉट को बैंक में बंधक रखकर ऋण हासिल किया था.**

थाना प्रभारी तारेश कुमार सोनी ने बताया कि एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड कंपनी के कलेक्शन मैनेजर प्रतीक दुबे ने शिकायत दर्ज कराई थी. जांच में सामने आया कि आरोपियों ने चिकित्सक नगर स्थित भूखण्ड नम्बर 148, रकबा करीब 2000 वर्गफीट, जो डॉक्टर राजरानी खरे के नाम पर रजिस्टर्ड है, उसके कूटरचित दस्तावेज तैयार किए. आरोपियों ने डॉक्टर खरे का प्रतिरूपण करते हुए फर्जी आधार कार्ड बनवाया, उसी आधार पर बैंक खाता खुलवाया और भूखण्ड की कथित रजिस्ट्री अपने नाम पर करा ली. इसके बाद उक्त फर्जी रजिस्ट्री को बैंक में बंधक रखकर करीब 93 लाख रुपये का लोन भी ले लिया.





### बाप-बेटे ने मिलकर की धोखाधड़ी

मामले में पुलिस उपायुक्त जोन 2 कुमार प्रतीक के दिशा निर्देशन में की गई जांच में यह भी सामने आया कि इसी भूखण्ड को लेकर पूर्व में भी कूटरचित दस्तावेजों के जरिए रजिस्ट्री कराए जाने के मामले में लसुडिया थाने में एफआईआर दर्ज हो चुकी है. टीम ने कार्रवाई करते हुए शेख रईस पिता शेख रसीद उम्र 54 वर्ष एवं उसके बेटे मोहम्मद जुनैद उम्र 24 वर्ष, दोनों निवासी खुड़ैल को गिरफ्तार किया. आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया था, जहां से पुलिस रिमांड लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस को आशंका है कि इस फर्जीवाड़े में अन्य साथी व बैंक से जुड़े कुछ लोग भी शामिल हो सकते हैं.

# इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर ठगी का फरार आरोपी धराया

**इंदौर.** फर्जी इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले फरार आरोपी को क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार किया है. आरोपी रिटायर्ड अधिकारियों और कर्मचारियों को झांसे में लेकर खुद को बैंक मैनेजर बताता था और इंश्योरेंस के नाम पर उनसे रकम वसूल करता था.

एडीसीपी क्राईम राजेश दंडोतिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का नाम परमदीप सिंह है, वह इंदौर का ही रहने वाला है. आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कई लोगों से इंश्योरेंस पॉलिसी दिलाने का झूठा भरोसा देकर लाखों रुपये की धोखाधड़ी की. आवेदकों द्वारा उनके साथ हुई ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी. जांच में सामने आया कि परमदीप सिंह और उसकी सहयोगी ममता तंवर निवासी इंदौर ने मिलकर विरेंद्र सिंह अरोरा, महेश वर्मा, महेश चंद, शिवप्रसाद विश्वकर्मा, चंद्र सिंह, कैप्टन शिवचरण पंड्या और द्वारकादास से पॉलिसी देने के नाम पर रुपये लिए थे.

### पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया जुर्म

पुलिस आयुक्त के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम ने मामले में तुरंत कार्रवाई की. तकनीकी साक्ष्यों और साइबर टीम की मदद से आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर इस ठगी को अंजाम दे रहा था. पुलिस ने आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन, बैंक पासबुक, चेकबुक और फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं. आरोपी से पूछताछ जारी है और अन्य ठगी की घटनाओं के खुलासे की संभावना जताई जा रही है. पुलिस आरोपी को रिमांड पर लेकर उसके बैंक खातों और दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है.

# ऑनलाइन स्टॉक ट्रेडिंग इन्वेस्टमेंट फ्रॉड का खुलासा

- क्राइम ब्रांच ने एक आरोपी को दबोचा

**इंदौर. क्राइम ब्रांच पुलिस ने ऑनलाइन स्टॉक ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने का झांसा देकर की गई ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए लोगों को जोड़कर एक नामी कंपनी के नाम से बने फर्जी इन्वेस्टमेंट ऐप पर रुपए इन्वेस्ट कराता था और बाद में रकम हड़प लेता था.**

एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि शिकायतकर्ता आलोक भार्गव ने क्राइम ब्रांच इंदौर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसे व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से स्टॉक ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया. इसके बाद एक प्रतिष्ठित कंपनी के नाम से बने फर्जी इन्वेस्टमेंट ऐप पर करीब 8 लाख रुपए इन्वेस्ट करवा लिए गए, लेकिन न तो कोई प्रॉफिट मिला और न ही राशि वापस की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए इंदौर पुलिस आयुक्त के निर्देश पर क्राइम ब्रांच की फ्रॉड इन्वेस्टिगेशन टीम ने तुरंत कार्रवाई की. जांच के दौरान संबंधित बैंक खातों को फ्रीज कराया और ट्रांजेक्शन ट्रेस किए. इसी क्रम में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसके खाते में करीब 3 लाख 50 हजार रुपए के संदिग्ध ट्रांजेक्शन पाए.



### दूसरी कक्षा तक पढ़ा और निजी संस्था में सिक्योरिटी गार्ड है आरोपी

गिरफ्तार आरोपी का नाम अनंतुल्लाह शंकर निवासी सुल्तानाबाद जिला करीमनगर (तेलंगाना) बताया गया है. आरोपी एक निजी संस्था में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है और उसकी पढ़ाई महज दूसरी कक्षा तक बताई जा रही है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. आरोपी से बैंक खातों और संबंधित दस्तावेजों को लेकर पूछताछ की जा रही है. पुलिस को आशंका है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है. आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवर उड़ाए

**इंदौर.** क्षिप्रा थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाश ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. देर रात घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर ने अलमारी में रखे सोना-चांदी के कीमती जेवर चुरा लिए. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. फरियादी अनुपम शुक्ला पिता रामलोचन शुक्ला उम्र 40 साल निवासी मिलेनियम सिटी कॉलोनी, ग्राम बजरंग पालिया थाना क्षिप्रा हैं. घटना रात करीब 1 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है. अज्ञात आरोपी घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा और अलमारी में रखे जेवरात चोरी कर लिए. चोरी गए सामान में आठ जोड़ी चांदी की पायजेब, एक चांदी का कमरबंद, सात जोड़ी चांदी की बिछिया, बच्चों के दो चांदी के करधोने, करीब 5 ग्राम का सोने का मंगलसूत्र, 12 ग्राम की सोने की झुमकी, नाक के चार सोने के कांटे, एक सोने की अंगूठी, एक चांदी का हाई चंद्रमा और करीब 3 ग्राम वजनी सोने का पेंडल शामिल है.



# शव को सड़क पर रखकर किया चक्काजाम

- इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया
- मामला भागीरथपुरा में हुई बुजुर्ग की मौत का

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से उल्टी-दस्त फैलने और एक बुजुर्ग की मौत के बाद आक्रोश भड़क गया. अंतिम संस्कार से पहले परिजनों और रहवासियों ने शव रखकर सड़क पर चक्काजाम किया. प्रदर्शन के दौरान समय पर इलाज नहीं मिलने और मौत के बाद किसी जिम्मेदार अधिकारी के नहीं पहुंचने के आरोप लगाए गए.

भागीरथपुरा में 27 जनवरी को उल्टी-दस्त से 62 वर्षीय बुजुर्ग खूबचंद की मौत हो गई थी. परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से दूषित पानी की सप्लाई हो रही है, जिससे लोग बीमार पड़ रहे हैं. 28 जनवरी की सुबह अंतिम संस्कार के लिए शव यात्रा निकाली गई, लेकिन पुलिस चौकी के पास पहुंचते ही परिजन और रहवासी शव सड़क पर रखकर बैठ गए और चक्काजाम कर दिया. करीब आधे घंटे तक मार्ग बंद रहा. प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि क्षेत्र में उल्टी-दस्त के मामले सामने आने के बावजूद न तो स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ और न ही नगर निगम की ओर से पानी की जांच कराई गई. सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और उचित कार्रवाई व जांच का आश्वासन दिया, इसके बाद परिजनों ने चक्काजाम समाप्त किया. मृतक के बेटे रोहित ने बताया कि उनके पिता पहले मिल में काम करते थे. चार दिन पहले उल्टी-दस्त से तबीयत बिगड़ने पर उन्हें भागीरथपुरा स्थित संजीवनी क्लिनिक में दिखाया था. इलाज के बावजूद हालत में सुधार नहीं हुआ. दोबारा दिखाने के बाद भी स्थिति गंभीर बनी रही और मंगलवार 27 जनवरी को उनकी मौत हो गई.

# सिपाही ने 10वीं की छात्रा से की छेड़छाड़, भेजा जेल

- एफआईआर के बाद विभागीय जांच भी हुई शुरू

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. छत्रीपुरा थाना में तैनात एक आरक्षक पर 10वीं कक्षा की नाबालिग छात्रा ने छेड़छाड़ और पीछा करने के गंभीर आरोप लगाए हैं. पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज होने के बाद आरोपी आरक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, वहीं मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है.**

छत्रीबाग क्षेत्र में रहने वाली छात्रा ने शिकायत में पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह कोचिंग जा रही थी. इसी दौरान जयरामपुर कॉलोनी के पास आरोपी आरक्षक दीपक ने उसका रास्ता रोका, हाथ पकड़ लिया और जबरन घर छोडने की बात कहने लगा. छात्रा ने किसी तरह अपना हाथ छुड़ाया और कोचिंग चली गई. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि इससे पहले भी आरोपी कई बार रास्ते में रोककर नाम पता पूछ चुका था और लगातार उसका पीछा करता था. आरोपी पुलिस की वर्दी में रहता था, जिस कारण डर के चलते छात्रा ने पहले किसी को घटना की जानकारी नहीं दी. बाद में उसने पूरी बात अपनी मां को बताई.

### डायल-100 में तैनात था आरोपी

मामले की जानकारी मिलने के बाद मंगलवार देर रात हिंदू संगठनों के लोग छत्रीपुरा थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की. सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त हेमंत चौहान को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया था. इसके बाद छत्रीपुरा पुलिस ने आरोपी आरक्षक से पूछताछ कर छेड़छाड़ से संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज की. पुलिस उपायुक्त जोन 4 आनंद कलादगी ने बताया कि आरोपी आरक्षक दीपक डायल-100 में तैनात था. मामले की गंभीरता को देखते हुए बुधवार को उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया.

# डांसिंग कॉप रंजीत सिंह को मूल पद पर किया वापस

**इंदौर.** ट्रैफिक पुलिस में डांसिंग कॉप के रूप में पहचान रखने वाले कार्यवाहक प्रधान आरक्षक रंजीत सिंह को विभागीय कार्रवाई के आधार पर उनके मूल पद आरक्षक पद पर वापस कर दिया है. रंजीत सिंह वर्तमान में रक्षित केंद्र इंदौर में पदस्थ थे. पुलिस विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, रंजीत सिंह से प्रधान आरक्षक का कार्यवाहक प्रभार वापस लेते हुए उन्हें पुन: आरक्षक के पद पर पदस्थ किया है. यह कार्रवाई विभागीय स्तर पर की गई प्रक्रिया के तहत की गई है.

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चुनाव : 17वें राउंड की मतगणना पूरी, अध्यक्ष पद पर मनीष यादव आगे

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का चुनाव बुधवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया. सुबह 11 बजे शुरू हुई मतदान प्रक्रिया शाम 6 बजे तक पूरी हो गई. इस चुनाव में कुल 23 प्रत्याशी मैदान में हैं. बार एसोसिएशन के 2632 मतदाताओं में से 1914 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया. देर रात तक मतगणना जारी है. 17वें राउंड के बाद कुल 1700 मतों की गिनती पूरी हो चुकी है. अध्यक्ष पद पर बढ़त में बदलाव देखने को मिला है, जबकि अन्य पदों पर अग्रणी प्रत्याशियों की स्थिति मजबूत होती जा रही है.

समाचार लिखे जाने तक अध्यक्ष पद पर मनीष यादव 473 मतों के साथ आगे चल रहे हैं. गौरव श्रीवास्तव को 460 मत मिले हैं. जी.पी. सिंह को 387, मनीष जैन को 273 और पवन जोशी को 94 मत प्राप्त हुए हैं. उपाध्यक्ष पद पर अभिषेक टुगनावत 813 मतों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं. अपूर्वा शुक्ला को 295, धर्मेन्द्र साहू को 214, मधुसूदन यादव को 201 और भावना साहू को 153 मत मिले हैं.

सचिव पद पर मनीष गडकर 619 मतों के साथ आगे चल रहे हैं. गोविंद राय को 545 और निलेश मनोरे को 502 मत प्राप्त हुए हैं. संयुक्त सचिव पद पर अमित राज 969 मतों के साथ मजबूत स्थिति में बने हुए हैं, जबकि ज्ञानेंद्र शर्मा को 698 मत मिले हैं. मतगणना जारी है और अगले राउंड में चुनावी तस्वीर और स्पष्ट होने की संभावना है.

एक नजर में

महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जगमगाए हजारों दीपक

# विद्याधाम के 31वें प्रकाशोत्सव पर 3100 दीपों से किया मनोहारी श्रृंगार

**इंदौर. श्रीविद्याधाम आश्रम के 31वें प्रकाशोत्सव का समापन महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के पावन सानिध्य में आज विद्वानों द्वारा मां ललिता महात्रिपुर सुंदरी भगवती को 56 भोग समर्पण एवं दीपोत्सव के साथ हुआ.**

आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा, राजेन्द्र महाजन ने बताया कि इस अवसर पर मंगलवार शाम को सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आचार्य पं. राजेश शर्मा एवं अन्य 31 विद्वानों की मौजदगी में समूचे परिसर को 3100 दीपों से श्रृंगारित किया, जिसकी आभा आज सुबह तक दमकती रही. माँ पराम्बा के गर्भगृह सहित आश्रम स्थित सभी देवालयों में आज भी आकर्षक दीपोत्सव मनाया गया. इस मनोहारी छटा के दर्शन के लिए मंदिर पर भक्तों का सैलाब देर रात से लेकर आज आज दिनभर बना रहा। प्रसाद वितरण के साथ समापन हुआ.

